# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा / 4054
दिनांक : 25.03.2023

## विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) से सम्बन्धित प्रथम/द्वितीय वर्ष के परीक्षा फार्म निम्नांकित सत्रों से सम्बन्धित बिन्दुवार परीक्षा फार्म भरवाये जा रहे है :–

1. जनपद मेरठ, हापुड, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बागपत के बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र 2021–2023 द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा तथा प्रथम वर्ष बैक एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों से सम्बन्धित ।
2. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र 2020–2022 द्वितीय वर्ष बैक एवं भूतपूर्व तथा प्रथम वर्ष भूतपूर्व विद्यार्थियों से सम्बन्धित।
3. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र 2019–2021 प्रथम/द्वितीय वर्ष केवल भूतपूर्व विद्यार्थियों से सम्बन्धित।

उपरोक्त सत्रों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाइट https:/exam.ccsuweb.in पर पर भरने की तिथियों में निम्नवत विस्तार किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन परीक्षाफार्म उपलब्ध होने की तिथि | : | 06.03.2023 |
| परीक्षाफार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | : | 31.03.2023 |
| भरे गये परीक्षाफार्मों को महाविद्यालय में जमा करने व महाविद्यालय द्वारा सत्यापित करने की अंतिम तिथि | : | 01.04.2023 |
| भरे गये परीक्षाफार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि (जनपद–हापुड़, बुलन्दशहर व गौतमबुद्ध नगर मुजफ्फरनगर ,शामली) | : | 03.04.2023 |
| भरे गये परीक्षाफार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि (जनपद–बागपत, मेरठ व गाजियाबाद, सहारनपुर) | : | 04.04.2023 |

**महत्वपूर्ण अनुदेश:–**

01. परीक्षायें माह मई, 2023 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होगी। अतः समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि समयान्तर्गत छात्रों की अतिरिक्त कक्षायें चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना, आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराना इत्यादि सुनिश्चित करे।

02. परीक्षाफार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु एंजेन्सी हैल्प लाइन नम्बर 8533072639 तथा ई–मेल आई0 : ccsu@helpenable.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

03. विश्वविद्यालय नियमानुसार उपरोक्त सत्रों से सम्बन्धित विद्यार्थी ही परीक्षा फार्म भरे तथा विद्यार्थी एक साथ दो वर्षों (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्या परीक्षा के रूप में) के परीक्षाफार्म नहीं भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षाफार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

04. अनुसचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थी परीक्षाफार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र व संदर्भित जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।

05. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक यह भी सुनिश्चित करे लें कि छात्र द्वारा वैकल्पिक विषय का चयन स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरुप ही चयनित किया जाए अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय / छात्र की जिम्मेदारी स्वयं होगी।

06. विद्यार्थियों द्वारा परीक्षाफार्म में अपनी फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, जाति, पत्राचार का पता, मोबाइल नं0, ई–मेल विषय कोड, स्त्री / पुरुष त्रुटिवश गलत भर दिये जाने पर महाविद्यालय / संस्थान अपने लॉगिन आई0डी0 से संशोधित किया जाना सुनिश्चित करें। छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय में न भेजा जाये।

07. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षाफार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षाफार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षाफार्म निरस्त समझा जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षाफार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षाफाम केवल एक बार ही भरा जायेगा।

08. परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही भरना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना फार्म मान्य नहीं है।

09. परीक्षाफार्म भरने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षाफाम का प्रिंट निकाल ले। परीक्षाफार्म की एक हार्ड कॉपी महाविद्यालय / संस्थान को जमा कराये एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

10. छात्र द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म को पोर्टल पर ऑनलाइन कन्फर्म करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय / संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

11. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षाफार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

12. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षाफार्मों एवं नोमिनल रोललिस्ट की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करे।

13. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षाफार्म प्रेषित न किया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

14. महाविद्यालय / संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म बडते अनुकमांक की व पोर्टल से मुद्रित नोमिनल रोल लिस्ट क्रम के अनुसार विश्वविद्यालय में प्रेषित करें अन्यथा परीक्षाफार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

15. अल्पसंख्यक कोटे में प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची व परीक्षा फार्म अलग से बण्डल तैयार कर जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

नोट– प्रथम वर्ष (बैक / भूतपूर्व) तथा द्वितीय वर्ष (मुख्य / बैक / भूतपूर्व) परीक्षा फार्म के साथ मूल माइग्रेसन संलग्न न करे।

25.03.2020

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित महाविद्यालय / संस्थान (बी0एड0पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही एवं व्यापक स्तर पर सम्बन्धित विद्यार्थियों को सूचना से अवगत कराने हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, माननीय परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सेण्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रबन्धक / प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को सूचनार्थ।
8. प्रेस प्रवक्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. समस्त सम्मानित समाचार पत्रों को निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

25/03

सहायक कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)